कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-30.03.2025

विषयः- दुष्कर्म करने के मामले मे वांछित अभियुक्त शनि गुप्ता उर्फ अजय गुप्ता थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कैंट के नेतृत्व मे थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0132/2025 धारा 376/504/506/328/354/147/323 भा0द0वि0 थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी से संबंधित नामजद वांछित अभियुक्त शनि गुप्ता उर्फ अजय गुप्ता पुत्र सोमारू गुप्ता निवासी ग्राम मडवा थाना लालपुर पाण्डेयपुर वाराणसी को आज दिनांक-30.03.2025 को समय करीब 07.30 बजे जे0आर0सी0 भट्ठा लक्ष्मीनगर कालोनी तरना शिवपुर से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 26.03.2025 को वादिनी मुकदमा/प्रार्थिनी ने विपक्षी शनि उर्फ अजय गुप्ता द्वारा पिछले 04 वर्ष से प्रार्थिनी का शारीरिक शोषण करने, मना करने पर गाली-गलौज देते हुए तेजाब फेंक कर जिंदा जलाने की धमकी देने, विपक्षी शनि उर्फ अजय गुप्ता व उसके मामा द्वारा खाने के सामान में नशीली दावा मिला कर प्रार्थिनी के साथ ज़बरदस्ती प्राकृतिक व अप्राकृतिक संबंध बनाने, मारने-पीटने, प्रार्थिनी के कमरे का ताला तोड़कर विपक्षीगण द्वारा सारा सामान चुराकर ले जाने आदि के संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना शिवपुर में सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 प्रवीण सचान द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

शनि गुप्ता उर्फ अजय गुप्ता पुत्र सोमारू गुप्ता निवासी ग्राम मडवा थाना लालपुर पाण्डेयपुर वाराणसी, उम्र करीब 29 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- जे0आर0सी0 भट्ठा लक्ष्मीनगर कालोनी तरना शिवपुर से, दिनांक-30.03.2025 को समय करीब 07.30 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 0132/2025 धारा 376/504/506/328/354/147/323 भा0द0वि0 थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1- उ0नि0 प्रवीण सचान थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2- का0 बलराम वर्मा थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।